एक नजर में

अखिल भारतीय बैरवा महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर स्वागत एवं सम्मान किया



देवास। अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदयाल बड़ोदिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास जीनवाल की सहमति से, प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल तथा प्रदेश महामंत्री महेश जीनवाल द्वारा ध्रुवराज नंगवाड़े को अखिल भारतीय बैरवा महासभा युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संस्था श्री विश्व राजा के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एवं संस्था के सभी पदाधिकारियों ने उनका पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव ने कहा श्री नंगवाड़े के नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती और व्यापक जनसहभागिता प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाजहित एवं युवा सशक्तिकरण के कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर स्वामी योगेंद्र भारती,पत्रकार दिलीप मिश्रा,मोहित श्रीवास्तव, पिलोक सरकार, आदित्य श्रीवास्तव,मोंटी जाधव,चंद्रकांत सिंह परिहार, वैभव गुप्ता, जितेन्द्र हरदे, ऋतिक चंद्रावत, मेघराज अंधेरिया, सुमित अंधेरिया एवं जयेश नंगवाड़े सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस की चौकस दृष्टि ने फिर बचाया शहर

कन्नौद। स्थानीय नगर में शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि लगभग साढे तीन बजे अचानक गणेश चौक स्थित दुवे परिवार के मकान में विद्युत फाल्ट से लगी आग को देखकर गस्त कर रहे पुलिस पेट्रोलिंग मोबाइल और गस्ती दल ने देख फायर ब्रिगेड और अधिकारियों के साथ इस मकान मे गहरी नींद में सोते हुए व्यक्तियों को उठाया और आग बुझाने का काम शुरू किया। बताया जा रहा है कि दो गैस सिलेंडर भी आग की चपेट में आने से फट गये जिससे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया था रात मे आरक्षक अजय और एनसीसी रोहित गस्त के समय ध्यान नहीं देते तो शहर के अनेक मकान इस अग्नि कांड में स्वाहा हो जाते। गनीमत रही पुलिस की तत्परता से किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हो पाई मौके पर थानाप्रभारी टी आई तहजीब काजी भी तत्काल पहुंच गये और व्यवस्था के साथ सामान निकालकर बाहर किया। थाना प्रभारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड तत्काल उपलब्ध हो गया घटना स्थल पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू हो गया था। तहसीलदार अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि पंचनामा बनाकर शासन को भेजा गया है करीब पांच लाख रुपयो का सामान का नुकसान हुआ है .

सांदीपनी स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर एक गुरु एक पौधा : भारती

बागली। पूरे देश में जून माह के प्रथम सप्ताह से ही हरियाली महोत्सव के तहत अलग-अलग योजनाओं के तहत पौधे लगाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। बागली विधानसभा में भी एक पोधा मां के नाम योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय और धार्मिक स्थान पर पौधे लगाए जा रहे हैं ।वही बागली नगर परिषद ने भी 6000 पौधे लगाने का संकल्प अभियान शुरू कर दिया इसी श्रृंखला में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा अवसर पर बागली के सांदीपनी स्कूल परिसर में एक गुरु एक पौधा योजना के तहत 100 से अधिक छायादार फलदार फूलदार पौधे लगाए जाएंगे स्कूल के प्राचार्य शालिग्राम भारती ने बताया कि इस महोत्सव को पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा 29 जुलाई को बागली विधायक मुरली भंवरा सहित अन्य संत महात्मा एवं गुरुओं के सानिध्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इस दौरान स्कूल में अध्यापन कार्य करवाने वाले 100 से अधिक शिक्षक स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की मदद से एक-एक पौधा लगाएंगे अतिथि भी बड़ी संख्या में परिसर में पौधे लगाएंगे यह अभियान 15 दिनों तक चलेगा अभियान के दूसरे चरण में अभी भावको बुलवाकर उनसे भी इस महायज्ञ में सहयोग करने के लिए कहा जाएगा स्कूल में बोर्ड परीक्षा में 60% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी भी पौधे लगाएंगे आने वाले वर्षों में यह परिसर सांदीपनी स्कूल के साथ-साथ सादींपनी वन परिसर कहलाएगा।

पन्हाला से पावनखिंड की शौर्यगाथा ने देवासवासियों को किया मंत्रमुग्ध

देवास। श्री शिव छत्रपति राजाभिषेक समारोह समिति, देवास द्वारा आयोजित भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम में पन्हाला से पावनखिंड विषय पर गोष्ट इथे संपत नाही के प्रसिद्ध वक्ता सारंग मांडके एवं सारंग भोईरकर ने अपने ओजस्वी एवं प्रभावशाली वक्तव्य से उपस्थित दर्शकों को इतिहास के उस गौरवशाली अध्याय का सजीव अनुभव कराया।

कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, उनके अदम्य साहस, दूरदर्शिता एवं स्वराज्य स्थापना के संघर्ष का विस्तृत वर्णन किया गया। विशेष रूप से बाजी प्रभु देशपांडे के अद्वितीय शौर्य, पन्हाला से महाराज के प्रस्थान तथा घोड़खिंड के ऐतिहासिक युद्ध को पावनखिंड में परिवर्तित करने वाली उस महान गाथा का अत्यंत प्रभावशाली एवं विस्तृत वर्णन किया गया। वक्ताओं ने इतिहास को केवल सुनाया ही नहीं, बल्कि अपने ओजपूर्ण प्रस्तुतीकरण से उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष उस पूरे घटनाक्रम को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सभागार में उपस्थित दर्शक पूरी तरह मंत्रमुग्ध और भावविभोर दिखाई दिए। वीरता, त्याग, स्वामिनिष्ठा और स्वराज्य के लिए प्राण न्योछावर करने वाले मावलों की गाथा ने वातावरण को भावनात्मक एवं रोमांचकारी बना दिया। कार्यक्रम को देवासवासियों की ओर से अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं सराहनीय प्रतिसाद प्राप्त हुआ। अतिथियों का सम्मान संस्थापक दिलीप सिंह जाधव, सचिव कीर्ति चव्हाण एवं समिति की मातृ शक्तियों ने किया। लंबे समय बाद देवास की धरती पर इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रभावना से जुड़ा इतने उच्च स्तर का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावशाली कार्यक्रम देखने को मिला, जिसकी उपस्थित नागरिकों ने मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम का संचालन राधिका जाधव एवं पल्लवी जाधव द्वारा प्रभावी एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया गया जिसे दर्शकों ने बहुत सराहा।

श्री शिव छत्रपति राजाभिषेक समारोह समिति, देवास द्वारा आयोजित इस आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि इतिहास केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, स्वाभिमान और राष्ट्रचेतना का स्रोत है। देवास वासियों ने ऐसे ही ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

खेडापति हनुमान मंदिर पर चतुर्मासा रामायण पाठ का शुभारंभ

कन्नौद - स्थानीय श्री खेडा पति हनुमान मंदिर तालाब पर चतुर्मास रामायण पाठ का शुभारंभ श्रध्दा भक्ति उत्साह के साथ किया गया साथ ही महाआरती प्रसाद वितरण किया गया। यहाँ विगत 84 वर्षों से अखण्ड रामायण पाठ का प्रतिदिन आयोजन चल रहा है । वही वरिष्ठ समाजसेविको का अभिनंदन भी किया .श्री खेडापति हनुमान जी के श्री चरणो मे आयोजित कार्यकम मे विधायक पं श्री आशीष शर्मा भी उपस्थित थे। समिति ने उनका भी अभिनंदन किया।

प्रख्यात विद्वान पंडित श्री आदर्श शर्मा गुरू महाराज इंदौर, श्री मिलिद करंदीकर, श्री संतोष पंडा, श्री शिव प्रसाद शर्मा भोले श्री किशन लाल योगी, श्री कमल सिंह चुडावत श्री महेश चंद्र कचोले, श्री सुरेश चंद्र व्यास बहिरावद, श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठोर ,श्री रामकरण यादव गायत्री परिवार कन्नौद, श्री श्रवण मालवीय श्री अशोक उपाध्याय, श्री जोरावरसिंह राजावत सेवा फोजी, श्री भगरूलाल बोहरे, श्री प्रमोद मेहता का अभिनंदन किया गया द्य इस अवसर पर गणमान्य नागरिक व धर्म प्रेमी सज्जन उपस्थित थे । अंत में विधायक आशीष शर्मा ने बताया कि यह मंदिर वर्षों पुराना होकर सिद्ध स्थान हे द्य यहाँ प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं द्य साथ ही यहाँ प्रति शनिवार को शनिवार रामायण मंडल के सदस्यों द्वारा सुंदर काण्ड व रामायण पाठ का विशेष आयोजन होता है ।

गुप्त दान दाता ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे 41 छाते

बागली। सनातन विचार मंच संस्था के संस्थापक रविंद्र भारद्वाज के मार्गदर्शन में पिछले लगभग 28 वर्षों से पिपरी क्षेत्र के आदिवासी अंचल में संस्कार शिक्षा केंद्र संचालित हो रहे हैं। संस्था के सदस्यों के सहयोग से ग्राम कन्डया-1 कन्डीया-2, राजस्व ग्राम कन्डीया एवं पोटला में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।वर्षा ऋतु में इन केंद्रों पर आने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को आने-जाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए श्रीनागर चित्तौड़ा समाज, इंदौर की मातृशक्ति ने अपना नाम गुप्त रखते । 41 जरूरतमंद बच्चों को छाते वितरण किये । छतरिया वितरण

करते समय आचार्य रतन सिंह सेन्धव, समाज सेवी गिरधर गुप्ता सतीश अग्रवाल उपस्थित रहे। बारीश में छाते प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खील गये। उल्लेखनीय है कि श्रीनगर चित्तौड़ा समाज, इंदौर की मातृशक्ति पूर्व में भी गुप्त रूप से समाजसेवा करती रही है। उन्होंने ठंड के मौसम में मैया नर्मदा की पैदल परिक्रमा करने वाले परिक्रमावासियों को कंबलों का वितरण कराया था। इसके अलावा समय-समय पर अन्नक्षेत्र में भी बिना नाम सार्वजनिक किए सहयोग प्रदान कर सेवा और परोपकार की प्रेरणादायक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं।

जिले के शासकीय विद्यालय के प्राचार्यों की संगोष्ठी

देवास। स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ देवास के जिला कमिश्नर स्काउट राजीव सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य एवं जिला मुख्य आयुक्त विष्णु वर्मा के विशेष आतिथ्य तथा एस एन प्रजापति सहायक संचालक, राजश्री काले जिला कमिश्नर गाइड एवं सभी ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी के विशेष आतिथ्य में जिला संघ अध्यक्ष मनोज जोशी की अध्यक्षता में जिले के शासकीय विद्यालय के प्राचार्यों की संगोष्ठी का आयोजन महारानी चिमनाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास में प्रात: 11 बजे शुरू हुआ । बालचर रवि पत्रिका के जिला संवाददाता हेमेन्द्र निगम काकू ने बताया कि अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। तत्पश्चात ईश प्रार्थना के बाद अतिथियों का स्काउट परंपरा अनुसार स्कार्फ से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण मनोज पटेल डी ओ सी देवास ने दिया । इसके बाद अश्विन घोरपडे, मनोज उपाध्याय, कोमल चौधरी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सर्वप्रथम जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला अध्यक्ष द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी को पुन: जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर शाल श्री फल भेंट कर स्वागत किया गया। तथा वर्ष भर तक जिले के जिन प्राचार्यों द्वारा स्काउट गाइड भावना के साथ उत्कृट कार्य किया उनको जिला संघ देवास द्वारा सम्मानित किया गया। 31 जुलाई 2026 को सेवा निवृत्त हो रहे टोंक खुर्द के विकास खंड शिक्षा अधिकारी जे एन डामेचा का सम्मान शॉल ओढ़ाकर किया। इस इस अवसर पर श्री सूर्यवंशी ने स्काउट गाइड के अनुशासन पूर्ण कार्य और समाज में उसके महत्व को सभी को व्यवहार में लाने हेतु प्रेरित किया। श्री वर्मा ने समाज में नैतिक मूल्य के उत्थान के लिए स्काउट गाइड को बढ़ चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में वंदना वर्मा ,ज्योति बूटानी, पुष्पा भारती ,रिंकू कुशवाहा गायत्री मोरी, अशोक शर्मा, देवकरण सोलंकी, जितेंद्र सोलंकी, ब्रजेन्द्रसिंह,संजय पटेल, शंकर लाल मंडलोई, गजानन यादव, चेतन सेन, राजेश यादव,रामचंद्र सोलंकी,मंजू चौधरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव जितेंद्र मंडलोई ने किया।

सामूहिक भैरव पूजन संपन्न

बागली। श्री नागर चित्तौड़ा महाजन समाज के देवास, सोनकच्छ, बरोठा, पिपरी, इंदौर, उज्जैन सहित विभिन्न क्षेत्रों के नानोद गोत्र के स्वजातीय बंधुओं का पारंपरिक लोटन भैरवजी महाराज एवं पछाट भैरवजी महाराज का सामूहिक भैरव पूजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने भगवान भैरवनाथ का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर समाज की उन्नति, सुख-समृद्धि एवं प्रदेश में सुखद वर्षा की कामना की। पूजन के उपरांत भैरवनाथ भगवान की महाआरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से सहभागिता की। इसके पश्चात समाजजनों के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 से अधिक समाजबंधुओं ने भाग लेकर सामाजिक एकता एवं पारिवारिक सौहार्द का परिचय दिया।

इनरव्हील क्लब देवास ने मनाया झंडा दिवस, निकाली रैली और बांटी उपयोगी सामग्री

देवास। इनरव्हील क्लब देवास द्वारा जुलाई माह में राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भाव से जुड़े विभिन्न सामाजिक प्रकल्प आयोजित किए गए। 22 जुलाई को पाल नगर एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में झंडा दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों के साथ रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चों को पानी की बोतलें, चॉकलेट, पेंसिल, उपयोगी वस्त्र एवं बैठने की चटाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा कीर्ति तेलंग, उपाध्यक्ष निशा राठौर, सचिव सुनीता जैन, कोषाध्यक्ष श्वेता निगम, संपादक प्रीति यादव तथा सदस्य अपर्णा देशपांडे, इंदू सोमानी और उषा जोशी उपस्थित रहीं। इसी क्रम में आलोट पायगा स्थित विद्यालय में पूर्व अध्यक्षा एवं वरिष्ठ सदस्य शायरा कुरैशी के नेतृत्व में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर सुनीता पाटिल, चंद्रकांता शर्मा, नीला तिवारी, उषा जोशी, कीर्ति तेलंग, निशा राठौर एवं श्वेता निगम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैग पाकर बच्चों ने खुशी व्यक्त की। इसके अलावा 1 जुलाई को क्लब ने डॉक्टर्स डे भी मनाया। इस अवसर पर डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. भारती मुंगी, डॉ. प्रीति बाला पाटीदार तथा डॉ. अश्विन दुबे सहित अन्य चिकित्सकों का स्मृति-चिन्ह एवं पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। इनरव्हील क्लब देवास शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निरंतर निर्वहन कर रहा है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम नावदा में सुनी पीएम मोदी के मन की बात

टोंक खुर्द। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136 वीं कड़ी थी। मन की बात में पीएम मोदी ने जल संरक्षण और हर घर तिरंगा अभियान का आव्हान किया। पीएम मोदी ने कहा कि 4 जुलाई से पूरे देश में जल संरक्षण के लिए एक खास (केक द रेन) अभियान चलाया जा रहा है ।इसके तहत बारिश के पानी को बचाने के लिए पुराने तालाबों व जल स्त्रोतों को फिर से जीवित करने का काम किया जा रहा है ।पीएम के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल समेत तमाम नेताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं ने टोंक खुर्द तहसील के ग्राम नावदा बूथ क्रमांक 68 पर सुना। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंधल ने कहा कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की विकास यात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धियों का चित्रण करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सिंधल ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्दों में गहरा प्रभाव है, जो हमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है ।इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष संदीप पटेल, दिनेश वर्मा,श्रीराम सूर्यवंशी,भारत सिंह गौड, राधेश्याम पटेल, किशोर पटेल,गजेंद्र पटेल, निलेश पटेल, ब्रजपाल सिंह गौड,अनिल पटेल,युवराज सोनगरा, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

कारगिल दिवस पर अमर शहीदों की याद में किया पौधा रोपण

देवास। कारगिल विजय दिवस की 27 वर्षगांठ पर अमर शहीदों की याद में सैनिक संगठन देवास की टीम के द्वारा अमर शाहिद संजय मीणा के निर्माणधीन स्मारक गांव संवरसी कुलाला जाकर शहीदों की याद में वृक्षारोपण किया एवं 2 मिनट मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस उपलक्ष पर शाहिद के पिताजी, उनके बच्चे, गांव के सरपंच, उपसरपंच, पंचायत सचिव, नवयुवक, मनीष कामदार, पंकज चौधरी, समाजसेवी रघुवीर पटेल, सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सैनिक संगठन से कप्तान राजेंद्र सिंह, मनोहर सोलंकी, बलबीर सिंह परिहार, जितेंद्र प्रजापति, चंद्रप्रकाश, अजय पवार, अर्जुन तंवर, मोहन गुनावत, भरत पाटीदार, राज बहादुर राठौर, रामप्रसाद मीणा, दिलवर राजपूत, अमर सिंह राजपूत, इमरान खान, शेखर चौधरी, दिनेश सिंह चौहान, राजेंद्र पटेल (मध्य प्रदेश पुलिस) मंदिर समिति से कैलाश उपस्थित रहे।

एक नजर देवास जिले में घर में भी सुरक्षित नही बुजुर्ग

बुजुर्ग महिला से मारपीट के दो महीने बाद भी पुलिस खाली हाथ, उठ रहे गंभीर सवाल

लोहारदा। क्या आप देवास जिले के सीनियर सिटीजन (वरिष्ठ नागरिक) हैं? अगर हाँ, तो अब आपको अपने ही घर के भीतर भी सतर्क रहने की जरूरत है। जिले की कांटाफोड़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर इन दिनों गंभीर सवालिया निशान लग रहे हैं।

जानकारी अनुसार पुलिस पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय आरोपियों को खुला छोड़ जांच के नाम पर समय काटने में जुटी है।

घर में घुसकर की थी मारपीट- मामला कांटाफोड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लोहारदा का है। यहाँ रहने वाली एक बुजुर्ग महिला और उनके परिवार के साथ मोहल्ले के ही कुछ दबंगों ने घर में घुसकर बेरहमी से मारपीट की थी। घटना के बाद कांटाफोड़ थाने में प्राथमिकी (स्नढ्ढक्र) दर्ज हुए करीब 2 महीने का समय बीत चुका है।

कार्रवाई नहीं होने से बुलंद हुए अपराधियों के हौसले- पुलिस द्वारा नामजद पाँच आरोपियो पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद भी दो आरोपियों पर कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस की इस ढील का नतीजा यह है कि अपराधियों के हौसले और अधिक बुलंद हो गए हैं। आरोपी अब बेखौफ होकर फरियादी परिवार को लगातार धमका रहे हैं, गाली-गलौज कर रहे हैं और उन्हें भयभीत करने का प्रयास कर रहे हैं। इस नई बदतमीजी और धमकी का वीडियो भी फरियादी ने पुलिस को उपलब्ध कराया है, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

'बेहतर पुलिसिंग' के दावों की खुली पोल

एक तरफ जहां देवास जिले के पुलिस अधीक्षक (स्क्र) लगातार बेहतर पुलिसिंग का दावा करते हैं और अच्छा काम करने वाले थानों को सम्मानित कर उनकी रेटिंग सुधारते हैं, वहीं दूसरी तरफ कांटाफोड़ जैसे लोकल थानों की यह सुस्ती इन दावों की पूरी पोल खोल रही है। सीनियर सिटीजन महिला के साथ हुए इस गंभीर अपराध ने साबित कर दिया है कि अब बुजुर्ग अपने ही घरों में सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

जनता का उठ रहा भरोसा

पीड़ितों का कहना है कि पुलिस शायद किसी बड़े हादसे या गंभीर अपराध का इंतजार कर रही है। यदि अपराधियों के खिलाफ समय रहते सख्त एक्शन नहीं लिया गया, तो जनता का पुलिस प्रशासन पर से भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन की 'नशामुक्ति अभियान' जैसी अन्य गतिविधियों से फुर्सत मिल गई हो, तो धरातल पर बैठकर थानों में लंबित पड़े अपराधों और पीड़ितों की सुरक्षा की भी समीक्षा की जानी चाहिए।